दैनिक
# न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, शनिवार, 30 अप्रैल 2022
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### बाइक डिवाइडर से टकराई, गंभीर हालत में दो रेफर

**महासमुंद (आरएनएस)।** बाइक डिवाइडर से टकरा गई जिससे उसमें सवार दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। डायल 112 की मदद से उन्हें बसना सीएचसी लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हे रायपुर रिफर किया गया है। पुलिस के मुताबिक भठोरी निवासी डोलामणि पटेल (21) और चिमरकोल निवासी बृजलाल पटेल (22) बाइक क्रमांक सीजी 06 जीबी 8424 से किसी कार्य से सरायपाली गए थे जो बुधवार देर शाम ग्राम भटोरी लौट रहे थे। इसी दौरान भूकेल हाईस्कूल के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे दोनों डिवाइडर में गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना की सूचना डायल 112 को मिली। आरक्षक घनाराम कुर्रे और सचिन प्रधान ने बसना पुलिस को सूचना दी और घायलों को उपचार के लिए बसना सीएचसी पहुंचाया जहां से दोनों को रायपुर रेफर किया गया।

### तेज़ रफ्तार बस की चपेट में आने महिला की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** नवा रायपुर के डीडीयू चौक पर तेज रफ्तार बस ने स्कूटी सवार महिला को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद चालक बस समेत मौके से फरार हो गया। मृतक महिला का नाम रूखमणी साहू निवासी बालौद के रूप में बताया जा रहा है। दरअसल, महिला अपने पिता के साथ अपने भाई के घर सेक्टर 27 जा रही थी। उसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने ठोकर मार दी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मामला राखी थाना इलाके का है।

### अचानकमार से तीनगड्डा पहुँचा 9 हाथियों का दल, मचाया उत्पाद

**कवर्धा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले के तीनगड्डा में 9 हाथियों का झुंड पहुंचा है। बताया जा रहा है कि इस हाथियों के झुंड ने अचानकमार की ओर से इलाके में प्रवेश किया है। हाथियों ने तेलियापानी मराड़बरा में जमकर उत्पात मचाया है। दो मकानों में तोडफ़ोड़ किया। मिली जानकारी के मुताबिक, हाथियों के बस्ती के भीतर प्रवेश करने की संभावना बताई जा रही है। हाथियों आंतक को देखकर आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। हाथियों का ये दल अलग- अलग टुकडिय़ों में ग्रामीण इलाके में पहुंचा है। सूचना के बाद पंडरिया उप वनमण्डल की टीम मौके पर तैनात है।

### मुख्यमंत्री आज नई दिल्ली प्रवास पर रहेंगे

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 29 अप्रैल को नई दिल्ली के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के तहत वे 29 अप्रैल को शाम 5 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर से विशेष विमान द्वारा प्रस्थान कर 6.45 बजे इंदिरा गांधी अंर्तराष्ट्रीय एयरपोर्ट नई दिल्ली पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री बघेल एयरपोर्ट नई दिल्ली से प्रस्थान कर 7.15 बजे छत्तीसगढ़ सदन नई दिल्ली पहुंचेंगे और वहां रात्रि विश्राम करेंगे।

### पुट्ठे से भरी ट्रक में लगी आग,बाल बाल बचा ड्राइवर

**दल्लीराजहरा (आरएनएस)।** चलती ट्रक में अचानक आग लगी गई। ट्रक दल्लीराजहरा से पुट्ठा भरकर राजनांदगांव जा रही थी। देवरी थाना के आगे नाहन्दा गांव के पास अचानक ट्रक में आग लग गई। फिलहाल ट्रक में आग लगने का कारण अज्ञात बताया जा रहा है। वही बताया जा रहा है कि घटना स्थल से महज 50 मीटर की दूरी पर पेट्रोल पंप स्थित है। कोई बड़ा हदासा होने से टल गया है। बाल बाल बचे ट्रक ड्राइवर और कंडेक्टर। घटना में ट्रक पूरी तरह जलकर राख हो गई।

## कलेक्टर सिंह पहुंचे लैलूंगा, मुख्यमंत्री युवा केन्द्र का किया निरीक्षण

- प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से की चर्चा
- धन्वंतरि मेडिकल स्टोर में उपलब्ध हो सभी जेनेरिक दवाईयां





**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह आज लैलूंगा विकास खंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लैलूंगा स्थित मुख्यमंत्री युवा केन्द्र का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से चर्चा करते हुए आवश्यक मूलभुत सुविधाओं के साथ उनकी परीक्षा से संबंधित तैयारियों की जानकारी ली। विद्यार्थियों ने लाईब्रेरी में परीक्षा से संबंधित उपयोगी पुस्तकें, पत्रिका, बेंच एवं विभिन्न विषयों के शिक्षकों की मांग रखी। कलेक्टर सिंह ने डीईओ पर गहरी नाराजगी जताते हुए विद्यार्थियों की मांग के अनुसार तत्काल पर्याप्त बैठक व्यवस्था के लिए कुर्सी-टेबल की पूर्ति करने एवं उपयोगी पुस्तकें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिंह ने लैलूंगा के स्वामी आत्मानंद स्कूल का भी निरीक्षण किया एवं वहां चल रहे मरम्मत कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने डीईओ को जिन कक्षों में मरम्मत कार्य होना है, उन कक्षों के सामानों को खाली करवाकर अन्य जगह शिफ्ट करने तथा ईई पीडब्लूडी खाम्बरा को मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम में कार्यरत शिक्षकों से वन टू वन चर्चा की एवं वहां की सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढऩे वाले बच्चों के बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुए समिति गठित कर शिक्षकों का मूल्यांकन करने डीईओ को निर्देश दिए। जिससे स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में बेहतर शिक्षकों की व्यवस्था हो सके। कलेक्टर सिंह ने लैलूंगा स्थित धन्वंतरि मेडिकल स्टोर के निरीक्षण में पहुंचे। उन्होंने मेडिकल स्टोर संचालक से दवाईयों की मांग एवं विक्रय से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। मेडिकल संचालक ने बताया कि वर्तमान में दवाईयों की बेहतर बिक्री हो रही है एवं जेनेरिक दवाईयों की जानकारी के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने मेडिकल स्टोर में सभी जेनेरिक दवाईयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो इसके लिए बीएमओ को समय-समय पर वहां का निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित अनुविभागीय कार्यालय का भी निरीक्षण किया तथा वहां की सुविधाओं की भी जानकारी ली।

**गौठानों का किया निरीक्षण, समूह से की चर्चा-** कलेक्टर सिंह ने लैलूंगा स्थित फुलीकुंडा स्थित गौठान का निरीक्षण किया एवं गौठान से संबंधित सभी प्रकार की सुविधाओं का जायजा लिया। इसी क्रम में कलेक्टर सिंह ने कोड़ासिया स्थित गौठान में पहुंचे एवं वहां की आय मूलक गतिविधियों की जानकारी ली। समूह ने बताया कि वर्तमान में समूह द्वारा सर्फ, अगरबत्ती, साबुन आदि बनाया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने गौठान में तैयार हो रहे वर्मी कम्पोस्ट के कन्वर्जन रेशियों की भी जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने गौठान में सब्जी उत्पादन की जानकारी ली। उद्यानिकी विभाग द्वारा जानकारी दी गयी कि अभी वर्तमान में दो समूह द्वारा सब्जी उत्पादन का कार्य किया जा रहा है, जिससे समूह को अच्छी आय प्राप्त हुयी। कलेक्टर सिंह ने नेपियर घास का भी निरीक्षण किया एवं रकबा बढ़ाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर एसडीएम सीमा पात्रे, जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी. आदित्य, ईई पीडब्लूडी खाम्बरा सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

में चंद्रहासिनी समूह द्वारा किए जा रहे मुर्गीपालन की जानकारी ली। समूह की सदस्य उर्मिला पैकरा ने बताया कि अभी वर्तमान में पहली बार मुर्गी विक्रय कर 5 हजार रुपये का लाभ प्राप्त किए है। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने चरवाहे को गौठान में पशु संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने गौठान

## खड़ी ट्रेलर से टकराई ट्रक, खलासी की मौत, चालक गंभीर



**रायगढ़ (आरएनएस)।** रायगढ़ बिलासपुर नेशनल हाईवे में शुक्रवार सुबह सडक़ किनारे खड़ी ट्रेलर से एक तेज रफ्तार ट्रक टकराई गई। इस हादसे में ट्रक के खलासी की मौके पर ही मौत हो गई वहीं ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह बरगढ़ पूल के पास सड$क किनारे खड़ी ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 आर 0556 से सामने की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक जेएच 12 जे 9972 टकराई गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ट्रक के खलासी की मौके पर ही मौत हो गई वहीं ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से ट्रक चालक तथा खलासी को ट्रक से बाहर निकाला तथा घायल चालक को उपचार के लिए खरसिया के सिविल अस्पताल में भेजा गया है।

## कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र रायगढ़ में अक्ति तिहार के उपलक्ष्य में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन'



**रायगढ़।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, रायगढ़ के सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी सुनील कुमार गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 अप्रैल को महाविद्यालय में अक्ति तिहार कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन एवं 29 अप्रैल को गोद गौठान में जैव संवर्धन का प्रदर्शन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में वाद-विवाद, भाषण प्रतियोगिता, गायन, काव्य पाठ, रंगोली, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के थीम के रूप में जैविक, प्राकृतिक खेती, छत्तीसगढ़ के खेती से संबंधित परम्परागत गीत, पोषण आहार इत्यादि थे जिनसे की छात्र-छात्राओं का सम्पूर्ण रूप से मानसिक विकास हो। कार्यक्रम के अगले चरण में आज गोद ग्राम ननसिया का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान वहाँ चल रहे केचुआ खाद उत्पादन का अवलोकन किया गया तथा केचुआ खाद उत्पादन बढ़ाने, कन्वर्जन रेशियो बढ़ाने एवं चींटीयों से केचुओं के बचाव का सुझाव दिया गया। गोद ग्राम गौठान के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को जैव संवर्धन घोल का प्रदर्शन किया गया तथा किसानों को वितरित किया गया। इसके साथ साथ आगामी 03 मई 2022 को अक्ति तिहार भव्य रूप से मनाने हेतु सभी गौठान समिति को आमंत्रित भी किया गया। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक (पौध रोग) डॉ.ए.के.सिंह, सहायक प्राध्यापक (शस्य विज्ञान) संदीप पैंकरा, डॉ.श्रीकांत साँवरगाँवकर वैज्ञानिक आनु. एवं पादप प्रजनन एवं सहायक प्राध्यापक एल.पि.एम.डॉ. ब्रिजेश पटेल मौजूद रहें।

## नीरा गोल्डन हाउस में उठाई गिरी के अंतरराज्यीय उठाईगीर ईरानी गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

- पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली थाने को शीघ्र पकड़ने के दिये थे निर्देश
- मुबंई,कर्नाटक के रहने वाले थे दोनों आरोपी




**धमतरी (आरएनएस)।** प्रार्थी तारा बंगाली पिता स्व 0 कन्हैया लाल उड़ा 50 वर्ष निवासी कोष्टापारा धमतरी का अपने नीरा गोल्डन हाउस दुकान में दिनांक 30.01.2022 को सोने का जेवर बनाने का कार्य कर रहा था उसी समय एक 40-45 साल का व्यक्ति जो सिर में टोपी लगाया हुआ था पेन्ट शर्ट पहना हुआ था जो करीब 2.30 बजे दिन काउन्टर के पास खड़ा होकर प्रार्थी से मन्दिर में चढाने के लिए सोना का टुकडा मांगा तो प्रार्थी ने दराज से निकाल कर तौलकर 800/- रू में सोना का टुकडा दिया और 1 ग्राम सोने का रिंग बनाने का आर्डर दिया और बोला कि 10 मिनट में आकर ले जाउगा कहकर 2000/- रू दिया, तो प्रार्थी ने 10 मिनट में नहीं बनेगा कम से कम आधा घण्टा लगेगा कहने पर ठीक है कहा और दुकान से चला गया उसके जाने के बाद दराज को देखा तो दराज के अन्दर एक प्लास्टिक डिब्बे के अंदर रखा 22 नग सोने की पत्ती 25 ग्राम , एक सोने का मंगलसुन वजनी 36 ग्राम एक सोने का गला हुआ डल्ला बजनी 11 ग्राम नहीं था शंका होने पर तत्काल अपनी मोटर सायकल लेकर उस आदमी का पीछा किया लेकिन नहीं मिला। उस अज्ञात व्यक्ति ने दुकान के दराज में रखे उपरोक्त सोने का जेवर कुल वजनी 72 ग्राम कीमती करीब 2,20,000 रू को चोरी कर ले गया प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबंध कर विवेचना में लिया। अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली धमतरी अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक धमतरी प्रशात ठाकुर द्वारा चोरियों पर अंकुश लगाने एवं अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर आरोपियों को पकडऩे हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पॉल एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री जी.सी. पति द्वारा टीम बनाकर आरोपियों की पतासाजी हेतु रवाना किये गए थे।

आरोपी पतासाजी के दौरान घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फूटेज का बारिकी से निरीक्षण किया गया। फूटेज से प्राप्त हुलिया के आधार पर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के लिए कोतवाली टीम द्वारा धमतरी सहित आस पास के सीसीटीवी फुटेज बारिकी से निरीक्षण किया गया। उक्त फुटेज में दिखाई देने वाले व्यक्ति शारीरिक बनावट एवं हुलिया से इरानी गैंग के सदस्य होने की पूर्ण आशंका पर प्राप्त सीसीटीवी फुटेज को नेशनल पोलिस व्हाटसअप ग्रुप में शेयर करने पर दुकान से चोरी किया हुआ व्यक्ति गुलाम इरानी घाटकोपर मुबंई का होने पता चलने पर पुलिस टीम गठित कर पता तलाश हेतु घाटकोपर मुंबई रवाना किया गया था जो आरोपी गुलाम इरानी अपने सहयोगियों सहित वहां से अन्यत्न फरार हो गया था। जिसकी लगातार पता तलाश की जा रही थी। प्रकरण में उक्त गिरफतार आरोपियों से उठाई गिरी सम्पत्ति जप्त नहीं नही की गई है।

उक्त घटना में एक अन्य आरोपी भी शामिल है जिसकी पतासाजी कि जा रही है। पूछताछ पर तीनों आरोपियों द्वारा पैसे आपस में बॉटकर खर्च करना,स्वीकार किये जिस हेतु पृथक से कार्यवाही कि जा रही है। गिरफ्तार आरोपी:-( 01 ) शेख गुलाम अब्बास पिता शौकल अली उम्र 49 वर्ष निवासी रूम नं . 05 मुल्ला अब्दुल खालीद चाल पंखेसर बाबा दरगाह घाटकोपर वेस्ट मुंबई ( महाराष्ट्र ) ( 02 ) अयुव हुसैन पिता पपली हुसैन उम्र 32 वर्ष सा0 बीदर चिदरी रोड हुसैनी कालोनी थाना गांधीगंज जिला विदर कर्नाटक दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा रहा है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक श्री भूनेश्वर नाग,उप निरी. रमेश साहू, प्रआर. दिनेश तुरकाने,आर.नितेश राज वर्मा, बृजेश वैष्णव, हेमंत सूर्यवंशी की सराहनीय भूमिका रही।

## मौसम विभाग की चेतावनी : राज्य के कई स्थानों में हो सकती हैं बारिश



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से मौसम में बदलाव हुआ है। जिसके चलते लू के हालात के बीच गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती। मौसम विभाग ने लू के बीच बारिश को लेकर चेतावनी जारी किया है।

प्रदेश में बीते सप्ताह से भीषण गर्मी पड़ रही है। बढ़ते तापमान के चलते कई शहरों में लू के हालात बने हुए हैं। राजधानी रायपुर में भी पारा 43 के आसपास पहुंच गया। वहीं अन्य शहरों की बात करें तो गुरुवार को मुंगेली शहर सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां सर्वाधिक तापमान 45.7 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं सबसे न्यूनतम तापमान 20.5 डिग्री नारायणपुर में दर्ज किया गया। बारिश को लेकर मौसम वैज्ञानिक एच पी चंद्र ने कहा कि आज अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। लेकिन प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की बारिश गरज चमक के साथ होने की संभावना है। तो वहीं प्रदेश के कई स्थानों पर लू चलने के भी तो संभावना है।

## दो मामले में दो आरोपियों से 10 किलो गांजा बरामद

- सांकरा और बसना पुलिस की कार्रवाई

**महासमुंद (आरएनएस)।** सांकरा और बसना पुलिस ने बुधवार को गांजा परिहवन के दो अलग-अलग मामलों में दो लोगों से 10 किलो गांजा बरामद की है। आरोपियों द्वारा परिवहन में प्रयुक्त बाइक व स्कूटी के साथ दो नग मोबाइल जब्त कर नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

जानकारी के मुताबिक बसना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पदमपुर रोड बंसुला चौक में घेराबंदी कर ओडिशा से बिना नंबर की स्कूटी में गांजा लेकर आ रहे भिलाई निवासी निलेश उर्फ निहार साव को पकड़ा। जांच के दौरान उसके पास से कुल 8 किलो गांजा और परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी व एक मोबाइल जब्त किया। इसी तरह सांकरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सांकरा ओव्हरब्रिज परसवानी चौक के पास ओड़िशा से बाइक क्रमांक सीजी 04 सीएस 8564 से गांजा परिवहन करने के आरोप में गिरफ्तार किया। जांच के दौरान उसके पास से 2 किलो गांजा और परिवहन में प्रयुक्त बाइक व एक मोबाइल जब्त किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट 20 (बी) के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस द्वारा जब्त गांजे की कीमत 1 लाख 80 हजार रुपए आंकी गई है।

## अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी : मृतक की पत्नी के साथ अनैतिक संबंध बना हत्या का कारण

- देवगांव के डाकघर में पोस्टमेन का कार्य करता था आरोपी युवक, अब जेल दाखिल




**रायगढ़।** दिनांक 24.04.2022 को थाना सरिया के ग्राम देवगांव में मिले बिरेन्द्र मेघा (उम्र 45 वर्ष) के शव पर अज्ञात आरोपी पर हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर सरिया पुलिस द्वारा इस अंधे कत्ल का पर्दाफास करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। मृतक की पत्नी के साथ आरोपी युवक के अनैतिक संबंध की बात समाने आ रही है।

जानकारी के अनुसार दिनांक घटना 23-24.04.2022 की दरम्यानी रात घटनास्थल ग्राम देवगांव के खार में मृतक विरेन्द्र मेघा पिता बिरंची मेघा उम्र 45 वर्ष साकिन देवगांव थाना सरिया का खून से सना एवं शरीर पर गंभीर चोट लगा शव मिला था। घटना की सूचना पर एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात पटेल मौके पर पहुंचे, सरिया पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कार्यवाही बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया जिसमें पाया गया कि मृतक की किसी ठोस एवं भोथले वस्तु से गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या की गई है जिस आधार पर थाना सरिया में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अप.क्र. 92/ 2022 धारा 302 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

अंधेकत्ल में पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले द्वारा थाना प्रभारी सरिया उप निरीक्षक के.के. पटेल को महत्वपूर्ण दिशा निर्देशन दिया गया। थाना प्रभारी सरिया के.के. पटेल द्वारा एस.डी.ओ.पी. सारंगढ़ प्रभात पटेल के कुशल मार्गदर्शन में तत्काल कार्यवाही करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी में जुट गये। विवेचना दौरान जानकारी मिला कि मृतक की पत्नि का पूर्व में ग्राम देवगांव के डाकघर में पोस्टमेन के पद पर कार्यरत शिवप्रसाद साहू (उम्र 32 वर्ष) निवासी जुटमिल फटहामुडा रायगढ़ के साथ अनैतिक संबंध था। जानकारी पर संदेही शिवप्रसाद साहू का पतासाजी किया गया जो घटना दिनांक के बाद से फरार होकर लुक-छिप रहा था। घटनास्थल के निरीक्षण पर पुलिस टीम द्वारा कई महत्वपूर्ण सुराग एकत्र किया गया किन्तु मृतक का मोबाइल गायब था। थाना प्रभारी द्वारा साइबर सेल रायगढ़ की मदद से मृतक एवं संदेही के मोबाइल नम्बर को सर्विलांस में रखकर जांच किया गया जो घटना के समय एक ही टावर क्षेत्र में होना पाया गया। इस महत्वपूर्ण जानकारी पर पुलिस का संदेह शिवप्रसाद साहू पर और पुख्ता हुआ जिसे दिनांक 28.04.2022 को छापेमारी में मुखबीर लगाकर उसके सकुनत से पकड़कर थाना लाया गया। संदेही से घटना के संबंध में हिकमतअली से पुछताछ किये जाने पर उसने मृतक की पत्नि के साथ संबंधों को लेकर घटना दिनांक को मृतक से विवाद होना एवं तैश में आकर डण्डा से मृतक के शरीर में गंभीर चोट पहुंचाकर उसकी हत्या कर भाग जाना बताया। आरोपी शिवप्रसाद साहु पिता विद्याधर साहू उम्र 32 वर्ष साकिन जुटमिल फटहामुड़ा रायगढ़ जिला रायगढ़ के मेमोरेण्डम के आधार पर घटना में प्रयुक्त लाठी एवं खुन से सने कपड़े तथा आरोपी के मोटर सायकिल को उसके कब्जा से पेश करने पर जप्त किया गया। आरोपी द्वारा घटना कारित करने के बाद मृतक के मोबाइल को भी साथ ले जाना बताया और उस मोबाइल को पानी में फेंक देना बताया है।

आरोपी को दिनांक 28.04.2022 को विधिवत गिरफ्तार कर आज दिनांक 29.04.2022 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने एवं सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सरिया उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल, स०उ०नि० छोटेलाल सिदार इमरान खान, प्र०आर० खिरेन्द्र कुमार जलतारे, भुवनेश्वर पण्डा, आरक्षक विमल जांगड़े, रामजी सारथी का सराहनीय योगदान रहा है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480